हिमाचल प्रदेश तेरहवीं विधान सभा

(षष्टम् सत्र)

मौखिक उत्तर हेतु प्रश्न

सोमवार, 26 अगस्त, 2019/4 भाद्रपद, 1941(शक्)

[मुख्य मन्त्री - सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मन्त्री - शिक्षा मन्त्री - शहरी विकास मन्त्री - कृषि मन्त्री - स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मन्त्री - ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री - उद्योग मन्त्री - वन मन्त्री तथा सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मन्त्री].

कुल प्रश्न - 50

भवन निर्माण

*1392 **श्री वीरभद्र सिंह (अर्की):**

क्या **शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि राजकीय महाविद्यालय जयनगर के भवन निर्माण हेतु भूमि का चयन कर लिया गया है; यदि हां, तो भवन निर्माण हेतु कितनी धनराशि स्वीकृत की गई है और इस कार्य को कब तक प्रारम्भ कर दिया जाएगा?

चिकित्सकों की रिक्तियाँ

*1393 **श्री विनोद कुमार (नाचन):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि नाचन विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत नागरिक अस्पताल गोहर में चिकित्सकों के कितने पद सृजित हैं, कितने पद रिक्त हैं तथा इन्हें भरने हेतु सरकार क्या पग उठा रही है ?

भानुपल्ली-लेह रेल लाइन

***1394 श्री सुभाष ठाकुर (बिलासपुर):**

क्या **वन मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि भानुपल्ली-लेह तक रेल लाइन के लिए भूमि अधिग्रहण की अद्यतन स्थिति क्या है?

विभिन्न विभागों में रिक्तियां

***1395 श्री मोहन लाल ब्राक्टा (रोहडू):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि रोहडू विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत डोडरा-क्वार उप-मण्डल में विभिन्न विभागों में कितने पद कब से रिक्त हैं; विभागवार ब्यौरा दें; रिक्त पदों को भरने हेतु सरकार क्या पग उठा रही है?

GSSS Kothi-Deora

***1396 Dr.(Col.) Dhani Ram Shandil (Solan):**

Will the **Education Minister** be pleased to state what is the latest position of the construction of building GSSS Kothi Deora and by when the work will be completed?

Government Medical College Chamba

***1397 Smt. Asha Kumari(Dalhousie) :**
Sh. Pawan Nayyar(Chamba) :

Will the **Health and Family Welfare Minister** be pleased to state :-

(a) how many posts of different categories have been sanctioned for Government Medical College Chamba;

(b) how many posts are lying vacant;

(c) how many employees of different categories posted in Chamba Medical College are on deputation with other institutions; and

(d) by when the construction work of the building of Chamba Medical College will be started?

बाहरी लोगों को नौकरियां

*1398 **श्री विनय कुमार(श्री रेणुकाजी) :**
श्री विक्रमादित्य सिंह(शिमला ग्रामीण) :
श्री राकेश सिंघा(ठियोग) :
श्री मुकेश अग्निहोत्री(हरोली) :

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) प्रदेश में पहली जनवरी, 2018 से 31 जुलाई, 2019 तक सरकारी, अर्ध-सरकारी, सार्वजनिक उपक्रमों व स्वायत संगठनों में कितने प्रदेश से बाहरी लोगों को नौकरियां दी गईं; ब्यौरा दें;

(ख) क्या आऊटसोर्स के आधार पर भी बाहरी लोगों को नौकरियां दी गई हैं; और

(ग) तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी में बाहरी लोगों को नौकरियां न प्रदान करने के सन्दर्भ में सरकार क्या पग उठा रही है?

Bus Routes

*1399 **Sh. Harshwardhan Chauhan(Shillai) :**
Sh. Ravinder Kumar(Jaisinghpur) :

Will the **Forest Minister** be pleased to state :-

(a) during the last two years upto 31.07.2019, how many permits of government/private bus routes have been sanctioned in the State; details be given;

(b) how many private bus routes have been changed in District Sirmour; whether according to or in violation of Transport policy; details be given routewise;

(c) the timings of how many HRTC buses have been changed in the Sirmour District; details be given; and

(d) how many buses of newly approved routes are plying through the Jaisinghpur Assembly constituency?

आंगनवाड़ी केन्द्र थौन

***1400 श्री बिक्रम सिंह जरयाल (भटियात):**

क्या **सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि भटियात विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत आंगनवाड़ी केन्द्र थौन कब खुला; पूर्व में इस केन्द्र में कौन-कौन से गांव सम्मिलित थे और वर्तमान में कौन से गांव शामिल है तथा वर्तमान में कितने बच्चे इस केन्द्र में हैं; उनके गांव के नाम व पते सहित ब्यौरा दें?

सुरंग निर्माण

***1401 श्री जवाहर ठाकुर (दरंग):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि पठानकोट-जोगिन्द्रनगर-घटासनी-भुभूजोत-दलिघाट-लगवैली-कुल्लू तक सड़क व भुभूजोत टनल का कार्य कब शुरू होगा व इस सड़क के बनने से पठानकोट-जोगिन्द्रनगर-भुभूजोत-कुल्लू की कितनी दूरी कम होगी?

मैसर्ज टैफसिल ब्रैब्रिज लिमिटिड कम्पनी

***1402 श्री अर्जुन सिंह (ज्वाली):**

क्या **उद्योग मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) मैसर्ज़ टैफसिल ब्रैब्रिज लिमिटिड कम्पनी को कितनी भूमि लीज पर कितने वर्ष के लिए व कितने गांवों में दी गई; इस भूमि का विभाग द्वारा कम्पनी के नाम कब इंतकाल किया गया;

(ख) इससे सरकार को कितना राजस्व प्राप्त हो रहा है; ब्यौरा वर्षवार दें;

(ग) क्या कम्पनी ने सम्बन्धित पंचायतों से कोई अनापत्ति प्रमाण पत्र लिया है; ब्यौरा पंचायतों के नाम सहित दें; और

(घ) इस भूमि पर कितने पेड़ हैं तथा कौन-कौन सी प्रजाति के हैं, क्या वन विभाग से इनको काटने हेतु अनुमति ली गई?

पर्यटन विकास हेतु धनराशि

*1403 **श्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खु(नदौन) :**
श्री रमेश चंद ध्वाला(ज्वालामुखी) :

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) पर्यटन विकास के लिए एशियन डवलपमेंट बैंक (ADB) से कितनी धनराशि स्वीकृत हुई है; और

(ख) पर्यटन विकास के कितने प्रोजेक्टों का कार्य आवंटित हो चुका है; आवंटित कार्यों व ठेकेदारों के नाम तथा आवंटित धनराशि का ब्यौरा दिनांक सहित दें?

ग्राम रोजगार सेवक

*1404 **श्री इन्द्र दत्त लखनपाल (बड़सर):**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) यह सत्य है कि पंचायतों में ग्राम रोजगार सेवक गृह वृत्त में कार्यरत है; यदि हां, तो सरकार इन्हें दूसरे वृत्त में बदलने का विचार रखती है; और

(ख) यह भी सत्य है कि मनरेगा में अन्य राज्यों के लोग भी कार्य कर रहे हैं; यदि हां, तो सरकार ऐसे मामलों में क्या कार्रवाई करेगी?

सड़कों का कार्य

*1405 **श्री इन्द्र सिंह (बल्ह):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि बल्ह विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत छप्पड़ नाला से खखरयाना तथा पैड़ी से पस्ता, हवाणू व कोठी गहरी से गम्भर पुल वाया पतरौण सड़कों के निर्माण कार्य की अद्यतन स्थिति क्या है?

गैस कनेक्शन

*1406 **श्री राजेन्द्र राणा(सुजानपुर) :**
श्री सुख राम (पांवटा साहिब) :

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) प्रदेश में कुल कितने गैस कनेक्शन हैं; विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रवार सूचना सभा पटल पर रखे;

(ख) प्रधानमन्त्री उज्जवला योजना व मुख्यमन्त्री गृहिणी सुविधा योजना के अन्तर्गत 31

जुलाई, 2019 तक कितने गैस कनेक्शन प्रदेश में वितरित किये गये व कितने वितरित होने बाकी हैं; सूचना विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रवार सभा पटल पर रखें; और

(ग) केन्द्र व प्रदेश सरकार की विभिन्न योजनाओं के अन्तर्गत दिए जाने वाले गैस कनैक्शनों और गैस चूल्हों को पात्र लाभार्थीयों को वितरित करने हेतु क्या नियम हैं; की प्रति सभा पटल पर रखें?

अप्रयुक्त भवन

*1407 **कर्नल इन्द्र सिंह (सरकाघाट):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) दिनांक 31 जुलाई, 2019 तक विभिन्न विभागों के कितने भवन अप्रयुक्त पड़े हैं; और

(ख) सरकार इन अप्रयुक्त भवनों के उपयोग हेतु नीति बनाने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक?

दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई

*1408 **श्री जगत सिंह नेगी (किन्नौर):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि गत वर्ष दिनांक 31-07-2019 तक जिला किन्नौर के सरकारी डिपूओं में एक्सपाइरी डेट की दालें बांटी गई; यदि हां, तो इसके लिए कौन जिम्मेवार है तथा सरकार ने दोषियों के खिलाफ क्या कार्रवाई की; ब्यौरा दें?

पदपूर्ति

*1409 **श्री राम लाल ठाकुर (श्री नैना देवीजी):**

क्या **शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि श्री नैना देवीजी मंदिर ट्रस्ट के अन्तर्गत शिव शक्ति सीनियर सेकेन्डरी स्कूल एवं संस्कृत महाविद्यालय में अध्यापकों एवं प्राध्यापकों के रिक्त पदों को कब तक भर दिया जायेगा?

दुग्ध संयंत्र

*1410 **श्री हीरा लाल (करसोग):**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) करसोग में स्थापित दुग्ध संयंत्र की कितनी क्षमता है; इस क्षेत्र में प्रतिदिन कितना

दूध एकत्रित किया जा रहा है व कितने की प्रोसैसिंग की जा रही है; और

(ख) क्या सरकार इस दुग्ध संयंत्र की क्षमता बढ़ाने का विचार रखती है; यदि हाँ, तो कब तक?

पदपूर्ति

*1411 **श्री बलबीर सिंह वर्मा (चौपाल):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत वर्ष दिनांक 31.07.2019 तक विद्युत मण्डल चौपाल के अन्तर्गत विभिन्न श्रेणियों के कितने पद स्वीकृत हैं; कितने रिक्त हैं और इन्हें भरने हेतु सरकार क्या पग उठा रही है; ब्यौरा उपमण्डलवार दें?

डैहर विश्राम गृह

*1412 **श्री राकेश जम्वाल(सुन्दरनगर) :**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि सुन्दरनगर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत सुन्दरनगर तथा डैहर विश्राम गृह में अतिरिक्त भवन निर्माण की अद्यतन स्थिति क्या है; ब्यौरा दें?

पी० ई० टी०

*1413 **श्री पवन कुमार काजल(कांगड़ा) :**
श्री राजिन्द्र गर्ग(घुमारवीं) :

क्या **शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि सरकार ने अक्तूबर, 2018 में स्कूलों में खाली पड़े पी0ई0टी0 के 2000 पद भरने का निर्णय लिया था; यदि हां, तो दिनांक 31.07.2019 तक कितने पद भरे गए; और

(ख) बी०ए० में फिजिकल एजुकेशन का केवल एक विषय पढ़ने वालों से पहले तीन साल का प्रशिक्षण प्राप्त पी० ई० टी० को अधिमान देने हेतु सरकार क्या पग उठा रही है?

नए पोलिंग बूथ

***1414 श्री अनिरूद्ध सिंह (कसुम्पटी)ः**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) सरकार विधान सभा व लोक सभा में मतदान हेतु नए पोलिंग बूथ बनाने का विचार रखती है; और

(ख) यदि हां, तो कब तक; यदि नहीं, तो कारण?

कड्डूनाला-संसारी नाला सड़क

***1415 श्री जिया लाल (भरमौर)ः**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि पांगी घाटी में कड्डूनाला-संसारी नाला तक बी0आर0ओ0 द्वारा निर्मित सड़क की स्थिति दयनीय है;

(ख) यदि हां, तो इस सड़क को कब तक चौड़ा करने व इसकी मरम्मत (widening & improvement) करने का विचार है; और

(ग) यह सत्य है कि वर्तमान में इस सड़क पर रई, फिन्डरु व उरु ढांकों पर तंग सड़क होने के कारण भारी वाहनों का आवागमन नहीं हो सकता है; यदि हां, तो इन स्थानों को कब तक चौड़ा कर दिया जाएगा?

Integrated Development Project

***1416 Sh. Ashish Butail (Palampur):**

Will the **Forest Minister** be pleased to state :-

(a) is it a fact that the Forest Department is implementing Integrated Development Project for source sustainability and climate-resilient rainfed Agriculture; if so, what is the total outlay and time period of the Project;

(b) what is the criterion for selection of Panchayats and how many Panchayats have been included under this Project; Assembly Constituency-wise details be given; and

(c) how many offices have been closed or are proposed to be closed under this project; reasons of closure be given?

रिक्तियाँ

*1417 **श्री सुरेन्द्र शौरी (बन्जार):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि बन्जार विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत विद्युत उप-मण्डल बन्जार, लारजी, और नग्वाईं में विभिन्न श्रेणियों के कितने पद सृजित हैं तथा कितने रिक्त हैं और इन्हें भरने हेतु सरकार क्या पग उठा रही है?

सामाजिक सुरक्षा पेंशन

*1418 **श्री किशोरी लाल (आनी):**

क्या **सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत दो वर्षों में दिनांक 31.07.2019 तक कुल्लू जिला के आनी सब-डिवीजन कार्यालय में सामाजिक सुरक्षा पेंशन के कितने आवेदन पत्र प्राप्त हुए हैं; कितने निपटाए गए तथा कितने शेष हैं और शेष बचे आवेदनों को कब तक निपटा दिया जाएगा; ब्यौरा दें?

कार्ट रोड-ए0 जी0 चौक तक वाहनों की आवाजाही

*1419 **श्री सुन्दर सिंह ठाकुर (कुल्लू):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि सरकार द्वारा कार्ट रोड से ए0 जी0 चौक तक गाड़ियों की ड्रापिंग की अनुमति दी गई है;

(ख) यदि हां, तो सरकार स्कूल के बच्चों व पैदल चलने वालों को इससे हो रही परेशानी के मद्देनजर स्कूल टाइम पर इनकी आवाजाही को बन्द करने का सरकार विचार रखती है; और

(ग) यदि नहीं, तो क्या इस सड़क के साथ पदपाथ (pedestrian path) बनाने का विचार है?

धारा-118 में संशोधन

***1420 श्री वीरभद्र सिंह (अर्की):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) सरकार Himachal Pradesh Tenancy and Land Reforms Act, 1972 की धारा-118 में संशोधन करने या इसे समाप्त करने का विचार कर रही है;

(ख) यदि हाँ, तो क्या इससे प्रदेश के लोगों के हितों को नुक्सान नहीं पहुंचेगा; और

(ग) इसमें संशोधन करने से प्रदेश सरकार व हिमाचल के लोगों को क्या फायदा होने की सम्भावना है; ब्यौरा दें?

भाषा अध्यापक का पद

***1421 श्री विनोद कुमार (नाचन):**

क्या **शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि नाचन विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला घरोट (ब्रोहकड़ी) और शाला में कब से भाषा अध्यापक के पद सृजित नहीं हैं; ब्यौरा दें?

अत्याधुनिक बस अड्डा निर्माण

***1422 श्री सुभाष ठाकुर (बिलासपुर):**

क्या **वन मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि सरकार बिलासपुर शहर में अत्याधुनिक बस अड्डा निर्माण करने का विचार रखती है; यदि हां, तो इसका निर्माण कार्य कब तक प्रारम्भ कर दिया जाएगा?

डी0 पी0 आर0 की अद्यतन स्थिति

***1423 श्री मोहन लाल ब्राक्टा(रोहड़ू) :**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) गत वर्ष दिनांक 31.07.2019 तक लोक निर्माण मण्डल रोहड़ू में विधायक प्राथमिकता के अन्तर्गत कितनी डी0पी0आर0 बनाई गईं तथा कितनी लम्बित हैं; किन ठेकेदारों की मशीनें किराए पर ली गई हैं; ब्यौरा योजनावार दें;

(ख) इस अवधि में कितनी ऑनलाइन/ऑफलाइन निविदाएं आमन्त्रित की गईं; ब्यौरा दें?

(ग) लडोट-डोडरा-क्वार सड़क की टारिंग व मैटलिंग की निविदाएं कब हुईं और इसके

लिए कितनी धनराशि स्वीकृत है;कार्य प्रारम्भ न करने के क्या कारण हैं; और

(घ) गोसान्गो से जिसकुन-जाखा सड़क की अद्यतन स्थिति क्या है?

Akhand Chandi Palace

***1424 Smt. Asha Kumari (Dalhousie):**

Will the **Chief Minister** be pleased to state :-

(a) is it a fact that the Government of H.P. has received funds for restoration of Akhand Chandi Palace Chamba; and

(b) how much money was received ; and

(c) when will the restoration and preservation work on the building be started?

धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा

***1425 श्री विनय कुमार (श्री रेणुकाजी):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि रेणुका विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में धार्मिक पर्यटन की अपार संभावनाओं को देखते हुए इस क्षेत्र को विकसित करने हेतु सरकार क्या पग उठा रही है?

Installation of Line

***1426 Sh. Vikramaditya Singh (Shimla Rural):**

Will the **Chief Minister** be pleased to state whether it is a fact that HPSEBL has prepared DPR for supply of electricity to the people of Nog Valley in 12/20 area of Rampur by installing option line; by when option line will be laid?

Traffic Jam

***1427 Sh. Rakesh Singha (Theog):**

Will the **Chief Minister** be pleased to state :-

(a) is the Government aware that since the start of the apple season, there has been traffic jam for hours together stretching up to six hours for a distance

of 12 km between Kufri and Shanan on NH-22;

(b) has the Government identified the correct reasons for the same;

(c) is it a fact that teachers,employees and daily commuters travelling from Shimla are unable to reach their destination in time; and

(d) does the Government propose to widen the Bhalku road and strengthen the bridges on the Sainj-Solan road to avoid traffic jams in the coming years?

अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा मण्डी

*1428 **श्री मुकेश अग्निहोत्री (हरोली)ः**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
यह सत्य है कि मंडी जिला में केंद्र सरकार द्वारा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा स्वीकृत किया है; यदि हां, तो इस हेतु कितनी धनराशि का प्रावधान किया गया है तथा क्या इसके लिए निविदाएं आमंत्रित की गई हैं?

अध्यापकों को वर्दी

*1429 **श्री जवाहर ठाकुर (दरंग)ः**

क्या **शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि सरकार प्राथमिक से लेकर वरिष्ठ माध्यमिक पाठशालाओं तक के अध्यापकों को प्राइवेट पाठशालाओं की तर्ज पर वर्दी (Dress Code) आरम्भ करने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक?

ब्लैकलिस्ट दवा कम्पनियां

*1430 **श्री रमेश चंद ध्वाला (ज्वालामुखी)ः**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) गत तीन वर्षों में दिनांक 31.07.2019 तक प्रदेश में कितनी दवा कम्पनियों को ब्लैकलिस्ट किया गया है; नाम सहित ब्यौरा दें; और

(ख) यह सत्य है कि ब्लैकलिस्ट की गई कम्पनियां दवाई की आपूर्ति कर रही हैं; यदि हाँ, तो कारण?

भवन निर्माण

***1431 श्री इन्द्र सिंह (बल्ह):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि बल्ह विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत रिवालसर में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के भवन का निर्माण कार्य कब तक प्रारम्भ कर दिया जाएगा?

सुरक्षित भवन

***1432 श्री राजेन्द्र राणा (सुजानपुर):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) सरकार ने प्रदेश में राष्ट्रीय उच्च मार्गों, राज्य उच्च मार्गों के किनारे व अन्य स्थानों पर व्यवसायिक क्रियाकलापों की दृष्टि से निर्मित होने वाले भवनों को निर्माण से पूर्व "सुरक्षित भवन" सुनिश्चित करने के लिए कोई नियम व दिशा- निर्देश जारी किए हैं; और

(ख) यदि नहीं, तो सरकार इस हेतु नीति बनाने का विचार कर रही है?

मुख्य मंत्री ग्राम सड़क योजना

***1433 कर्नल इन्द्र सिंह (सरकाघाट):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत 3 वर्षों में दिनांक 31.07.2019 तक सरकाघाट विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में मुख्य मंत्री ग्राम सड़क योजना के अन्तर्गत किन-किन सड़कों को शामिल किया गया; और

(ख) इन सड़कों को कितनी धनराशि वर्षवार आवंटित की गई; ब्यौरा सड़कवार दें?

Investigation of Cases

***1434 Sh. Jagat Singh Negi (Kinnaur):**

Will the **Chief Minister** be pleased to state :-

(a) is it a fact that in the year 2018, an old lady was brutally murdered in Moorang village of Kinnaur District and the case has not been solved till date;

(b) if yes, will the Government constitute a special investigating team to investigate the case; and

(c) is it also a fact that theft was committed in Tashigang Monastery and the case is unsolved till date; what steps have been taken by the Government to solve the case?

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घ्वांडल

*1435 **श्री राम लाल ठाकुर (श्री नैना देवीजी):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घ्वांडल का उन्नयन 50 बिस्तर अस्पताल के तौर पर किया गया है;और

(ख) यदि हां, तो इस अस्पताल हेतु स्वीकृत पदों का सृजन कब तक कर दिया जायेगा?

पदपूर्ति

*1436 **श्री बलबीर सिंह वर्मा (चौपाल):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि लोक निर्माण मण्डल चौपाल के अन्तर्गत विभिन्न श्रेणियों के कितने पद स्वीकृत हैं कितने रिक्त हैं तथा रिक्त पदों को भरने हेतु सरकार क्या पग उठा रही है; ब्यौरा उप-मण्डलवार दें?

नए मंडल

*1437 **श्री पवन कुमार काजल (कांगड़ा):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि सरकार शाहपुर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में लोक निर्माण विभाग का मण्डल खोलने का विचार रखती है; यदि हाँ, तो कब तक?

अनुसूचित जाति उपयोजना

*1438 **श्री अनिरूद्ध सिंह (कसुम्पटी):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि सरकार लोक निर्माण विभाग द्वारा निर्मित सड़कों को मैटल करने हेतु (SCCP) अनुसूचित जाति उप-योजना के अर्न्तगत धनराशि देने का विचार रखती है?

बिजली प्रोजैक्ट

***1439 श्री जिया लाल (भरमौर) :**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि पांगी घाटी में निर्मित हाइड्रो इलैक्ट्रिक पॉवर प्रोजैक्ट नामतः सेचू, हिलौर, साहली का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है;

(ख) यह भी सत्य है कि वर्तमान में यह सभी हाइड्रो इलैक्ट्रिक पॉवर प्रोजैक्ट बन्द पड़े हैं; यदि हाँ, तो कारण;

(ग) सरकार क्या इन हाइड्रो इलैक्ट्रिक पॉवर प्रोजैक्ट को जनहित में अन्य Agencies को handover करने पर विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक; और

(घ) यह सत्य है कि पांगी घाटी में निर्मित किलाड़ 300 KV, सुराल 100 KV, साच 900 KV व पुर्थी 100 KV पावर हाऊस जीर्ण-शीर्ण अवस्था में हैं; यदि हाँ, तो सरकार इनके जीर्णोद्धार हेतु क्या पग उठा रही है?

Mutation of Plots in HIMUDA Colonies

***1440 Sh. Ashish Butail (Palampur):**

Will the **Urban Development Minister** be pleased to state :-

(a) how many plots/houses/flats have been sold by HIMUDA in various colonies falling under Palampur Constituency; name-wise and colony-wise details be given;

(b) how many mutations in revenue records of such plots have been completed till date; name-wise and colony-wise details be given; and

(c) what are the reasons for non-completion of mutation process of various purchasers of plots/flats/ houses in various HIMUDA colonies in Palampur constituency?

पदपूर्ति

***1441 श्री किशोरी लाल (आनी):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि आनी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत थाना आनी व निरमण्ड तथा पुलिस चौकी ब्रो, नित्थर एवं लुहरी में कितने अधिकारी एवं कर्मचारी तैनात हैं; कितने पद रिक्त हैं तथा रिक्त पदों को भरने हेतु सरकार क्या पग उठा रही है?

शिमलाः 171004. **यशपाल शर्मा,**

दिनांकः 9 अगस्त, 2019. **सचिव।**